वीयू – "स्वावलंबी कृषि–आत्मनिर्भर भारत" का पोस्टर विमोचन

एग्रीविजन के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन **"स्वावलंबी कृषि–आत्मनिर्भर भारत"** विषय पर दिनांक 05-06 मई 2023 को आयोजित होने वाले एग्रीविजन के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन नानाजी देशमुख पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा किया गया। जिसमें प्रांत कोषाध्यक्ष डॉ. यतिराज खरे, महानगर उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पोधाड़े , प्रांत कार्यकारणी सदत्स्य अर्पित सोम्तिया अन्य छात्र उपस्थित रहे। इस सम्मेलन का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, विद्यार्थी कल्याण न्यास भोपाल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। माननीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी 05 मई 2023 को प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन नई दिल्ली मैं करेंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर